## यह रूपरेखा कैसे काम करेगी?

शिक्षक इस नयी रूपरेखा को स्कूल-आयु के बच्चों की देखभाल की अनेक प्रकार की परिस्थितियों में, इनमें फैमिलि डे केअर भी शामिल हैं, प्रयोग करेंगे, यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपके बच्चे को उच्च गुणवत्ता के अनुभव प्राप्त होते हैं।

इस रूपरेखा का केन्द्रबिंदु है आपके बच्चे का सुख व विकास। आपके बच्चे को जानने के लिए शिक्षक आपके साथ मिल कर काम करेंगे, जिससे वे ऐसा कार्यक्रम बना सकें जो आपके बच्चे की रुचि व योग्यताओं को बढ़ावा दे। शिक्षक आपको उन सब घटनाओं और गतिविधियों की भी जानकारी देंगे कि जिनमें आपका बच्चा भाग लेता है।

इस रूपरेखा के योग्यता पाने के पाँच  लक्ष्यों द्वारा शिक्षक निम्नलिखित को आपके बच्चे में विकसित होने में मदद करेंगे:

- अपने आप की विशिष्ट पहचान की भावना
- अपनी दुनिया से संबंध होना
- अपने हित की विशेष समझ
- ज्ञान अर्जित करने में आत्म-विश्वास व भागीदारी
- प्रभावशाली तरीके से बात-चीत करने की योग्यता

## एक साथ मिल कर काम करना

बच्चों की भलाई व सीखने में मदद करने के लिए जब परिवार, शिक्षक, स्कूल व विस्तृत समुदाय मिल कर काम करते हैं, तब बच्चे फलते-फूलते हैं। इस भागेदारी में सब एक दूसरे के  योगदान को मान्यता देते हैं व मिल-जुल कर निर्णय लेते हैं।

अपने बच्चे के जीवन में सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति होने के नाते आप इस स्थिति को बेहतर बना सकते हैं यदि आप अपने बच्चे के स्कूल-आयु देखभाल शिक्षक से नियमित रूप से बातचीत करते रहें। जो जानकारी आप देते हैं, उससे शिक्षकों को आपके बच्चों के घर, स्कूल व समुदाय में हुए अनुभवों को, बच्चे के स्कूल-आयु देखभाल केन्द्र में एक साथ समय बिताने के समय जोड़ने का मौका मिलता है। इससे आपके बच्चे के स्कूल-आयु देखभाल केन्द्र के अनुभवों के बारे में संयुक्त निर्णय लेना आसान हो जाता है।

## बच्चे के स्कूल-आयु देखभाल केन्द्र से संबंधित मुख्य विचारों के बारे में बच्चों ने क्या कहा

*"मुझे वास्तव में यहाँ पर अपनापन लगता है क्योंकि यहाँ पर मित्रों के लिए समय मिलता है, स्टाफ़ आपको आदर देता है और करने को भी बहुत कुछ होता है।"* **ऐनाबेल, आयु 9 वर्ष**



## अधिक जानकारी के लिए

यह पुस्तिका मेरा समय हमारा स्थान, ऑस्ट्रेलिया में स्कूल-आयु देखभाल केन्द्रों की रूपरेखा की भूमिका है। अधिक जानकारी के लिए www.deewr.gov.au/earlychildhood पर देखें या अपने बच्चे के स्कूल-आयु देखभाल केन्द्र के शिक्षक से पूछें।

ऑस्ट्रेलियाई सरकारों की काउन्सिल के लिए ऑस्ट्रेलियाई सरकार के शिक्षा,  रोजगार व कार्यस्थल संबंधों के विभाग द्वारा प्रस्तुत। (Australian Government Department of Education, Employment and Workplace Relations for the Council of Australian Governments.)

HINDI

# मेरा समय, हमारा स्थान

### ऑस्ट्रेलिया में स्कूल-आयु के बच्चों की देख-भाल के लिए रूपरेखा

**My Time, Our Place**

Framework for School Age Care in Australia





## परिवारों के लिए जानकारी

स्कूल-आयु के बच्चों की देख-भाल संबंधी एक नयी, राष्ट्रीय रूपरेखा

## यह नयी रूपरेखा किस विषय में है?

इस रूपरेखा का लक्ष्य है- स्कूल-आयु के बच्चों की देख-भाल करने की स्थितियों में बच्चों के हित व विकास को बढ़ावा देना व समृद्ध बनाना। यह इस बात को मान कर चलता है कि बच्चों को विभिन्न प्रकार के खेलों व अवकाश के अनुभवों के लिए ऐसा स्थान चाहिए, जहाँ वे खुश, सुरक्षित व शांत महसूस कर सकें। यह रूपरेखा यह भी मान कर चलती है कि बच्चों को मित्रों से बात-चीत करने, सामाजिक निपुणता का अभ्यास करने, समस्या सुलझाने, नयी गतिविधियों की कोशिश करने व जीवन संबंधी नयी दक्षताएँ सीखने के लिए समय चाहिए।

बच्चों की स्कूल-आयु के बच्चों की देख-भाल करने वाले केंद्रों में परिस्थितियाँ उनके घर व स्कूल में सीखने की पूरक हैं। स्कूल-आयु के बच्चों की देख-भाल करने वाले केंद्रों में संबंधों व बच्चों की प्रतिभाओं व रुचियों को विकसित करने को बहुत महत्व दिया जाता है ।



## खेलना व अवकाश करना आनन्ददायक होता है

खेलने व अवकाश करने के अनुभव, जो बच्चों द्वारा चुने जाते हैं और जिन्हें सुविज्ञ शिक्षकों द्वारा समर्थन दिया जाता है, उनसे बच्चों के सीखने व हित को बढ़ावा मिलता है। बच्चों की खुशी, आशावाद व आनन्द लेने की समझ बच्चों के भावनात्मक हित व परिस्थितियों का सामना करने की क्षमता के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। स्कूल-आयु के बच्चों की देख-भाल की परिस्थितियों में बच्चे सक्रिय रूप से कई प्रकार की गतिविधियों को चुनने में शामिल होते हैं, जो उनके जीवन पर्यन्त ज्ञान अर्जित करने के लिए दक्षताओं व दृष्टिकोण का विकास करेंगे।

बच्चों के लिए खेलने व अवकाश करने का समय बहुत आवश्यक है। खेलने व अवकाश की गतिविधियों द्वारा वेः

- एक दूसरे से परस्पर संबंधों का विकास करते हैं
- अपना व्यक्तित्व व विशिष्टता दिखाते करते हैं
- जिज्ञासा, रचनात्मकता व समस्या सुलझाने के हुनर का विकास करते हैं
- पिछले अनुभवों व जीवन पर्यन्त ज्ञान अर्जन में संबंध बनाते हैं
- सुख की समझ का विकास करते हैं।

## समय व स्थान

हमने इस रूपरेखा का विकास यह सुनिश्चित करने के लिए किया है कि आपके बच्चे को स्कूल-आयु के बच्चों की देख-भाल की स्थिति में उत्तम कार्यक्रम मिलें। उनके लिए यह समय व स्थान आराम करने, मित्र बनाने, निजी विकास में भाग लेने व स्वस्थ जीवन के लिए दक्षताओं व दृष्टिकोण का विकास करने के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस रूपरेखा का उपयोग करके शिक्षक (आपके बच्चे के देख-भाल कर्ता) एक ऐसे वातावरण प्रदान करेंगे जो कि बच्चों व परिवारों, दोनों के लिए पसंदीदा स्थान होंगे। शिक्षक जोशपूर्ण व लचीले स्थल बनाएँगे जो सभी बच्चों के कल्याण व क्षमताओं के प्रति अनुकूल होंगे। रूपरेखा का स्वप्न है कि सभी बच्चे सुरक्षित महसूस करें व उनके आनन्ददायक अनुभव प्राप्त करें। यह शिक्षकों का, खेल व आनंद पर आधारित ऐसे अनुभवों को प्रदान करने में मार्गदर्शन करेगी, जिनमें बच्चों का मन लगेगा व जो जीवन पर्यन्त ज्ञान अर्जित करने के लिए नींव बनाएँगे।



मेरा समय, हमारा स्थान का केन्द्रबिंदु है बच्चों को सक्रिय सहभागी व निर्णय कर्ता के रूप में देखना। स्कूल-आयु के बच्चों के देखभाल केन्द्रों के कार्यक्रमों में बच्चों को विकल्प व ज़िम्मेदारी दी जाती है और इसके द्वारा वे क्रियाओं व परिणामों में संबंध बनाना सीखते हैं। रूपरेखा समय व स्थान को मानती है क्योंकि बच्चे, शिक्षकों के साथ मिल-जुल कर ऐसी गतिविधियों व अनुभवों का आयोजन करते हैं जो उनके लिए अर्थपूर्ण होती हैं। शिक्षक व बच्चे एक दूसरे को आदर देते हैं व परस्पर विश्वास करते हैं, व बच्चों की ज़रूरतों व रुचियों के समर्थन के अवसरों के बारे में मिल-जुल कर निर्णय लेते हैं।